kotak
Kotak Mahindra Bank
कोटक महिन्द्रा बैंक

आम आदमी के लिए बैंकिंग

01

मैं बैंक खाता कैसे खोल सकता/सकती हूँ?

यह बहुत ही आसान है. बैंक खाता खोलने के लिए आपको वर्तमान फोटो के साथ 'पहचान और पते का प्रमाण' देना होगा।

02

मुझे 'पहचान के प्रमाण' और 'पते के प्रमाण' के लिए कौनसे दस्तावेज़ देने होंगे?

पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर पहचान पत्र, यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड और नरेगा कार्ड जैसे दस्तावेज़ों में से किसी एक को 'पहचान के प्रमाण' के रूप में दिया जा सकता है। अगर इन दस्तावेज़ों में आपका पता भी है, तो यह 'पहचान और पते के प्रमाण' दोनों के लिए दिया जा सकता है।

03

अगर मैं चेन्नई में रह रहा/रही हूँ, लेकिन मेरे पते के प्रमाण में मेरा नई दिल्ली का पता दिखाता है, तो क्या मैं चेन्नई में खाता खोल सकता/सकती हूँ?

जी हाँ, आप ऐसा कर सकते हैं। अपने नई दिल्ली के पते के प्रमाण के साथ, संचार उद्देश्यों के लिए आपको अपना चेन्नई का पता देना होगा।

04

बैंकों को पहचान और पते के प्रमाण की ज़रूरत क्यों होती है?

बैंक अपने ग्राहकों को ठीक से जानते हैं यह सुनिश्चित करने के लिए, बैंकों ने 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) को ज़रूरी किया है और इसी के लिए बैंकों को आपके पहचान और पते के प्रमाण की ज़रूरत होती है।

05

अगर मेरे पास अपनी 'पहचान का प्रमाण' दिखाने के लिए कोई दस्तावेज़ नहीं है, तो मैं क्या करूँ? क्या फिर भी मैं बैंक खाता खोल सकता/सकती हूँ?

जी हाँ आप खोल सकते हैं। आप अपनी वर्तमान फोटो जमा करके और बैंक अधिकारी के सामने अपना हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लगाकर बैंक खाता खोल सकते हैं जिसे 'छोटा खाता' कहा जाता है। हालांकि, इन 'छोटे खातों' की कुछ सीमाएँ हैं जैसे कि, किसी भी समय शेष जमा राशि 50,000 रुपये से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए, एक साल में कुल क्रेडिट 1,00,000 रुपये से ज़्यादा नहीं होना चाहिए और एक महीने में कुल निकासी 10,000/- रुपये से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए।

06

मैं नहीं चाहता/चाहती कि मेरा खाता किसी सीमा के अधीन हो। लेकिन अगर मेरे पास पहचान का प्रमाण दिखाने के लिए कोई दस्तावेज़ नहीं है, फिर भी क्या मैं बैंक खाता खोल सकता/सकती हूं?

जी हाँ, आप फिर भी बैंक खाता खोल सकते हैं, अगर आप नीचे लिखे दस्तावेज़ में से किसी एक को जमा करवाते हैं और बैंक आपका 'कम जोखिम' वाले ग्राहक के रूप में मूल्यांकन करता है:

(i) केंद्र/राज्य सरकार के विभागों, सांविधिक/नियामक प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, शिड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी आपकी फोटो के साथ पहचान पत्र;

या

(ii) किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी किया गया पत्र, जिसमें आपकी विधिवत सत्यापित फोटो हो।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

KMBL / Aug 2023 / V 1.0